मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–**cm-174**
28/02/2023

# यह बजट आर्थिक विकास को गति देने के साथ–साथ लोक कल्याणकारी है :– मुख्यमंत्री

पटना, 28 फरवरी 2023 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने वर्ष 2023–24 के बिहार बजट पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुये कहा कि यह बजट आर्थिक विकास को गति देने के साथ–साथ लोक कल्याणकारी है। उन्होंने कहा कि यह बजट उच्चतर आर्थिक विकास, बेहतर वित्तीय प्रबंधन एवं समाज के हर तबके के सर्वांगीण विकास को गति देगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह एक विकासशील बजट है। इस बजट का आकार 2,37,691 करोड रूपये से बढ़कर 2,61,885 करोड़ रूपये हो गया है। मानव विकास के सभी आयामों, स्वास्थ्य, शिक्षा के साथ–साथ आधारभूत संरचनाओं पर विशेष ध्यान दिया गया है। पूर्व से चली आ रही राज्य सरकार की  योजनाओं को पूर्ण करने तथा अन्य योजनाओं की स्वीकृति एवं क्रियान्वयन का जो लक्ष्य रखा गया है इसके लिये इस बजट में राशि की व्यवस्था की गयी है। इस बजट के माध्यम से राज्य के सभी क्षेत्रों, समुदायों एवं सभी वर्गों का विकास संभव हो सकेगा।

******